मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी (सीएम ग्रिड) योजना

चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में शहरों की सड़कों को और बेहतर करने के लिये 'मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी (सीएम ग्रिड) योजना' शुरू करने का निर्णय लिया गया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी (सीएम ग्रिड) योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 500 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे।
- नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने इस संबंध में बताया कि पहले चरण में 17 नगर-निगमों अयोध्या, अलीगढ़, आगरा, कानपुर, गाज़ियाबाद, गोरखपुर, झाँसी, प्रयागराज, फिरोज़ाबाद, बरेली, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, लखनऊ, वाराणसी, शाहजहाँपुर और सहारनपुर में इस योजना के अंतर्गत काम किया जाएगा।
- दूसरे चरण में नगर पंचायत और पालिका परिषद की सड़कों को शामिल किया जाएगा। इसके लिये शहरी सड़क अवसंरचना विकास एजेंसी की स्थापना की जाएगी।
- इस योजना में निकायों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष अर्जित आय के आधार पर सड़कों के विकास के लिये अनुदान दिया जाएगा।
- योजना के अंतर्गत सड़क से संबंधित सभी सुविधाएँ, जैसे- यूटीलिटी डक्ट, फुटपाथ, ग्रीन ज़ोन, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट, बस स्टॉप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, सौंदर्यीकरण, पैदल यात्री सुविधा आदि सुविधा दी जाएंगी। शहरों की सभी सड़कों को सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी बनाया जाएगा तथा ये सड़कें हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल होंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/minister-green-road-infrastructure-development-scheme-urban